शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल




सोमवार 23 मार्च 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 323 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

## न्यूज ब्रीफ

### सूरत में 4.54 लाख के गांजे के साथ दो नाबालिग हिरासत में

**सूरत।** गुजरात के सूरत में पुलिस ने 4.54 लाख की कीमत के गांजे के साथ दो नाबालिगों को पकड़ा। दोनों की उम्र 17 साल के करीब है। पुलिस ने बताया कि दोनों को उधना भाठेना इलाके में एल.एन. पार्क सोसाइटी के पास रोका गया था। जांच में इनके पास से 9.8 किलो गांजा बरामद हुआ। दोनों बिहार के रहने वाले हैं।

### वैष्णो देवी यात्रा दोबारा शुरू, भारी भीड़ के कारण रोकी गई थी

**रियासी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी में त्रिकुटा पहाड़ियों पर बने माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा, भारी भीड़ के कारण कुछ समय के लिए रोक दी गई थी, इसे रविवार को फिर से शुरू कर दिया गया। शनिवार को भवन में भारी भीड़ के कारण यात्रा को कुछ समय के लिए रोक दिया था। शनिवार दोपहर तक 39,000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए थे। कटरा में यात्रा के लिए पंजीकरण आज सुबह फिर से शुरू हो गया है।

### असम पुलिस कमांडो बटालियन के कैंप पर ग्रेनेड अटैक

**तिरसुकिया।** असम के तिनसुकिया जिले के जगुन में यूएलएफए(ए) के संदिग्ध उग्रवादियों ने शनिवार रात असम पुलिस कमांडो बटालियन के कैंप पर घात लगाकर हमला किया। नॉर्थ ईस्ट की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैंप पर रात 2 बजे लगभग 5 आरपीजी दागे गए, साथ ही कई राउंड गोलियां भी चलाई गईं। इस हमले में असम पुलिस के पांच कमांडो घायल हुए हैं। इन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।

### यवतमाल में ट्रैवलर में लगी आग, वर्धा से नांदेड़ जा रही थी

**वर्धा।** यवतमाल में वर्धा से नांदेड़ जाते समय एक यात्री वाहन में आग लग गई। हालांकि इसमें सवार सभी 17 यात्री सुरक्षित हैं। इन्हें समय रहते ट्रैवलर से बाहर निकाल लिया गया था।

राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# मोदी सबसे ज्यादा दिन सरकार प्रमुख रहने वाले राजनेता

## सीएम, पीएम मिलाकर बतौर हेड ऑफ गवर्नमेंट 8931 दिन पूरे ; पवन कुमार चामलिंग को पीछे छोड़ा

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले नेता बन गए हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर सरकार के प्रमुख के रूप में 8,931 दिन पूरे करने के साथ ही पीएम मोदी ने चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पीछे छोड़ दिया है।

पीएम मोदी इससे पहले गुजरात के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री रह चुके हैं, और वे ऐसे प्रधानमंत्री भी हैं जिनके पास मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का सबसे लंबा अनुभव है।

**2025 में मोदी ने बतौर पीएम इंदिरा गांधी का रिकॉर्ड तोड़ा, लेकिन नेहरू से अब भी पीछे**

नरेंद्र मोदी भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले दूसरे पीएम भी हैं। वे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 4077 दिनों (24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977) का रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। 22 मार्च 2026 तक बतौर प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी 4318 पूरे कर चुके हैं। हालांकि सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड जवाहरलाल नेहरू के नाम है। वे 15 अगस्त 1947 से 27 मई 1964 तक यानी लगातार कुल 6126 दिन तक इस पद पर रहे। पीएम मोदी नेहरू के रिकॉर्ड से 1812 दिन पीछे हैं। रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 2029 के बाद भी पीएम रहना पड़ेगा।



### 4 बार गुजरात के मुख्यमंत्री, 3 बार प्रधानमंत्री बने

17 सितंबर को जन्मे नरेंद्र मोदी 6 साल की उम्र में ही कांग्रेस की ओर से महागुजरात आंदोलन का हिस्सा बने। फिर 8 साल की उम्र में आरएसएस से जुड़ गए थे। 7 अक्टूबर 2001 को 51 साल की उम्र में बिना विधायक बने ही मोदी गुजरात के 14वें मुख्यमंत्री बने। इसके बाद वे 2002 में, 2007 में और फिर 2012 में गुजरात के मुख्यमंत्री चुने गए। अपने राजनीतिक सफर के 24 सालों में से पीएम मोदी 14 साल गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। पिछले 11 साल से वे देश के प्रधानमंत्री हैं। यह उनका तीसरा कार्यकाल है।

# रिपोर्ट- ईरान से सीजफायर वार्ता करना चाहते हैं ट्रम्प

## ईरान की शर्त- पहले मुआवजा दो, आगे हमला नहीं होगा इसकी गारंटी भी चाहिए

राष्ट्रबाण | तेल अवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

**डोनाल्ड** ट्रम्प की टीम ईरान के साथ सीजफायर पर बात करना चाहते हैं। इस काम में ट्रम्प के सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ भी लगे हुए हैं। यह जानकारी एक्सियोस न्यूज ने दी है। हालांकि ईरान ने बातचीत के लिए शर्त रखी है कि पहले जंग रोकी जाए और उसे हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए। ईरान का यह भी कहना है कि भविष्य में उस पर फिर से हमला नहीं होगा, इसकी पक्की गारंटी मिले।

दूसरी तरफ, ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि वे अभी ईरान की सभी शर्तें मानने के लिए तैयार नहीं हैं, खासकर मुआवजे की मांग को। अमेरिका और ईरान के बीच सीधी बातचीत फिलहाल नहीं हो रही है। लेकिन मिस्र, कतर और ब्रिटेन जैसे देश मध्यस्थ का रोल निभा रहे हैं। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपना मिसाइल प्रोग्राम कुछ समय के लिए बंद करे, यूरेनियम एनरिचमेंट रोक दे और अपने परमाणु ठिकानों को भी बंद करे। इसके अलावा, ईरान हिजबुल्लाह और हमास को पैसे देना भी बंद करे।

**ईरान बोला- ब्रिक्स देश हमला रोकने में रोल निभाएं**


ईरान के राष्ट्रपति मसूज पजशकियान ने शनिवार को पीएम मोदी से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ब्रिक्स को ईरान पर हो रहे हमले रोकने में भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स को बिना किसी दबाव के, अपने दम पर काम करना चाहिए और इस मामले में आगे आना चाहिए।

ईरान के राष्ट्रपति ने यह भी सुझाव दिया कि मिडिल ईस्ट के देशों को मिलकर एक नया सुरक्षा सिस्टम बनाना चाहिए। इससे इलाके में शांति और स्थिरता बनी रहेगी और बाहर के देशों का दखल कम होगा।

**ईरान ने इजराइल पर 4 मिसाइलें दागीं**

ईरान ने इजराइल पर रविवार सुबह से 4 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इन हमलों में 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इजराइली विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य सेवाओं के अनुसार, घायलों में बच्चे भी शामिल हैं।

इससे पहले ईरान ने शनिवार रात भी इजराइल के डिमोना और अराद शहरों पर हमला किया था। यहां इजराइल का बड़ा न्यूक्लियर प्लांट है। ईरान की ओर से यह हमले ट्रम्प की धमकी के बाद बढ़े हैं। दरअसल, ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर धमकी देते हुए लिखा- अगर 48 घंटे के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा।



### ब्रिटेन की न्यूक्लियर पनडुब्बी अरब सागर में तैनात

ब्रिटेन की एक न्यूक्लियर पावर से चलने वाली पनडुब्बी अरब सागर में पहुंच गई है। इस पनडुब्बी का नाम ।रू्र एंसन है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह पनडुब्बी लॉन्ग रेंज टॉमहॉक मिसाइलों और ताकतवर टॉरपीडो से लैस है। यह अभी अरब सागर के उत्तरी हिस्से में मौजूद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से मंजूरी मिलती है, तो यह पनडुब्बी सतह के पास आकर मिसाइल दाग सकती है। इससे पहले ब्रिटेन ने अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने की इजाजत भी दी है, ताकि होर्मुज स्ट्रेट में हमले करने वाली मिसाइल साइट्स को निशाना बनाया जा सके। ब्रिटेन ने यह भी कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ मिलकर समुद्री रास्तों की सुरक्षा के लिए योजना बना रहा है। हालांकि उसने यह भी साफ किया है कि वह इस जंग में पूरी तरह शामिल नहीं होना चाहता।

### तुर्किये के विदेश मंत्री ने ईरान जंग रोकने के लिए कई देशों से बात की

तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने मिडिल ईस्ट में चल रही जंग को रोकने के लिए कई देशों से बातचीत की है। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने ईरान, मिस्र, ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन के नेताओं से अलग-अलग बातचीत की। उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची, मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलाती और यूरोपीय संघ की अधिकारी काजा कलास से भी बात की। इस बातचीत का मकसद जंग को खत्म करने के रास्ते तलाशना था। हालांकि बातचीत में क्या-क्या तय हुआ, इसकी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है।

### अमेरिका का दावा- ईरान की मिसाइल फैक्ट्री तबाह

अमेरिका ने दावा किया है कि उसने इस महीने की शुरुआत में ईरान की एक मिसाइल फैक्ट्री को तबाह कर दिया। स-सेंट्रल कमांड के मुताबिक, इस जगह पर स्मॉल और मिडिल रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलें बनाई जा रही थीं। अमेरिका ने इस जगह का नाम कुह-ए बरजमाली मिसाइल असेंबली फैसिलिटी बताया है, जो तेहरान के दक्षिण-पूर्व में पहाड़ियों के इलाके में स्थित है। अमेरिका ने इस हमले से पहले और बाद की सैटेलाइट तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनमें फैक्ट्री को नुकसान दिखाया गया है।

### इजराइल का दावा- लेबनान में हिजबुल्लाह के 9 लड़ाके मारे

इजराइली सेना ने कहा है कि उसने लेबनान के दक्षिणी हिस्से में हिजबुल्लाह के 9 लड़ाकों को मार गिराया है। सेना के मुताबिक, उनके जवान वहां ग्राउंड ऑपरेशन के लिए तैनात थे। इसी दौरान कुछ हथियारबंद लोग उस इलाके के पास आए। जैसे ही इन लोगों की पहचान हुई, सैनिकों ने तुरंत गोलीबारी शुरू कर दी। इसके साथ ही एयर फोर्स को भी सूचना दी गई, जिसने ऊपर से हमला किया।

# छत्तीसगढ़-खल्लारी मंदिर में रोपवे टूटा

## 2 ट्रॉली खाई में गिरी, 1 की मौत, 16 घायल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के प्रसिद्ध खल्लारी माता मंदिर में रोपवे टूटने से 16 श्रद्धालु घायल हो गए, जबकि एक युवती की मौत हो गई। घायलों में 4 की हालत गंभीर है। यह सभी लोग चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन दर्शन करने आए थे। दर्शन के बाद कुछ श्रद्धालु रोपवे की ट्रॉली से नीचे उतर रहे थे। तभी अचानक केबल टूट गया। ट्रॉली पहाड़ी से टकराई और उसमें बैठे लोग करीब 20 फीट नीचे गिर गए।

इसी दौरान ऊपर जा रही दूसरी ट्रॉली भी संतुलन खोकर गिर गई। उसमें बैठे लोग भी घायल हो गए। ज्यादातर घायल रायपुर के रहने वाले हैं। कलेक्टर ने कहा है कि केबल कैसे टूटा, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल सभी घायलों का इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रोपवे की 2 ट्रॉली हादसे का शिकार हुई है।

# राउत बोले- मोदी जी अब झोला उठाओ और चले जाओ

## आप देश चलाने के काबिल नहीं ; रुपया गिर रहा, पीएम इलेक्शन कैंपेन में बिजी

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in



**शिवसेना** (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि पीएम मोदी अब देश का नेतृत्व करने में काबिल नहीं हैं। रुपया लगातार गिर रहा है, जंग आज है, लेकिन कल तो जंग नहीं हुई थी।

रुपया ठीक उसी समय नीचे गिरना शुरू हुआ जब पीएम मोदी प्रधानमंत्री बने। पीएम अभी भी इलेक्शन कैंपेन में बिजी हैं और उन्हें रुपये की कोई परवाह नहीं है। मेरे पास उनसे कहने के लिए बस एक ही बात है कि 'मोदी जी, अब झोला उठाओ और चले जाओ।' दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवसेना एमपी ने कहा, अब रुपये के हालात देखिए। बस सेंचुरी लगना बाकी है। अबकी बार, 100 के पार। बताइए मोदी जी कहां हैं? वे पश्चिम बंगाल में हैं, ममता बनर्जी को हराने के लिए प्रेसिडेंट रूल की तैयारी कर रहे हैं।

मोदी जी और शाह जी पश्चिम बंगाल में खेला करने की कोशिश कर रहे हैं, और रुपये की वैल्यू गिर रही है। मोदी जी कह रहे थे कि जब रुपये की वैल्यू गिरती है, तो देश की इज्जत गिरती है। अब क्या गिर रहा है? कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने डॉलर के मुकाबले रुपए के गिरने और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमत बढ़ने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

# प्रेग्नेंसी में वर्क फ्रॉम होम नहीं दिया, 200 करोड़ जुर्माना, बच्चे की मौत हुई

## अमेरिकी कोर्ट ने कहा- कंपनी जिम्मेदार

राष्ट्रबाण | वॉशिंगटन डीसी | एजेंसी | rashtrabaan.in



**अमेरिका** के ओहायो में प्रेग्नेंट महिला को वर्क फ्रॉम होम की अनुमति न देने के मामले में कोर्ट ने कंपनी पर 2.25 करोड़ डॉलर (200 करोड़) का जुर्माना लगाया है। महिला को ऑफिस आने की मजबूरी की वजह से समय से पहले डिलीवरी हुई थी। जिससे नवजात की कुछ घंटों में ही मौत हो गई थी।

कोर्ट ने माना कि अगर महिला को घर से काम करने दिया जाता, तो स्थिति अलग हो सकती थी। इसी आधार पर कंपनी पर यह जुर्माना लगाया गया।

महिला की प्रेग्नेंसी हाई-रिस्क थी और डॉक्टर ने उन्हें घर पर आराम करने और वर्क फ्रॉम होम करने की सलाह दी थी, लेकिन ऑफिस में काम करने की वजह से बच्ची का जन्म तय समय से करीब 18 हफ्ते पहले हुआ था।

जन्म के समय वह सांस ले रही थी और उसका दिल धड़क रहा था, लेकिन करीब डेढ़ घंटे बाद उसकी मौत हो गई।

### पूरा मामला समझिए

**वर्क फ्रॉम होम की जगह बिना सैलरी छुट्टी का ऑप्शन दिया था**

चेल्सी वॉल्श नाम की महिला टोटल क्वालिटी लॉजिस्टिक्स अमेरिकी कंपनी में काम करती थीं। फरवरी 2021 में उन्होंने वर्क फ्रॉम होम की इजाजत मांगी थी। कंपनी ने उन्हें ऑफिस आकर काम करने या बिना सैलरी छुट्टी लेने का ऑप्शन दिया, जिससे उनकी इनकम और हेल्थ इंश्योरेंस पर असर पड़ता। मजबूरी में उन्हें 22 फरवरी से ऑफिस जाकर काम करना पड़ा। लगातार तीन दिन काम करने के बाद 24 फरवरी को उन्हें समय से पहले डिलीवरी हो गई। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन जन्म के कुछ ही घंटों बाद उसकी मौत हो गई।

# सीजेआई बोले- एआई ज्यूडीशियरी को मजबूत करने में मदद करे, डेटा-रिकॉर्ड संभाले

## पैटर्न पहचाने लेकिन फैसले सुनाने के काम में दखल न दे

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**सीजेआई** जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) को ज्यूडिशियल सिस्टम में इस तरह से शामिल किया जाना चाहिए जिससे यह हमारी व्यवस्था को मजबूत करे, न कि उसके असली काम को ही कमजोर कर दे।

सीजेआई बोले- एआई को बड़ी मात्रा में डेटा और रिकॉर्ड को संभालने, पैटर्न पहचानने और सिस्टम में हो रही देरी को कम करने में मदद करनी चाहिए। वह फैसले सुनाने के काम में दखल न दे, बल्कि फैसले इंसानों के हाथों में ही रहना चाहिए। चीफ जस्टिस सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के बेंगलुरु में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में शामिल हुए थे। जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-विवादों की रोकथाम और समाधान विषय सेमिनार रखा गया था।



### सीजेआई के एआई पर बयान की बड़ी बातें

फैसले सुनाते समय जजों को अपनी तर्कशक्ति, अनुभव और एनालिसिस करने की क्षमता पर ही निर्भर रहना चाहिए।

एआई को केवल एक टूल, साधन के रूप में काम करना चाहिए, जबकि दिशा हमेशा इंसानी बुद्धि से ही तय की जानी चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत ने कानूनी पेशे में लैंगिक समानता को लेकर भी सुझाव दिया। सीजेआई ने कहा कि सरकारी वकीलों और मुफ्त कानूनी सहायता पैनल में कम से कम 50 प्रतिशत महिलाओं को शामिल किया जाना चाहिए।

## हॉन्गकॉन्ग से लंदन उड़ान में टेकऑफ के बाद मौत हुई ; रास्तेभर बदबू से परेशान रहे पैसेंजर

# महिला की लाश के साथ 13 घंटे उड़ता रहा विमान

राष्ट्रबाण | लंदन | एजेंसी | rashtrabaan.in

**ब्रिटिश** एयरवेज की फ्लाइट में रविवार को एक महिला यात्री की टेकऑफ के करीब 1 घंटे बाद मौत हो गई। इसके बाद उनका शव पूरे 13 घंटे तक विमान में ही रखा रहा।

शव को विमान के पीछे वाले हिस्से में रखा गया था, जहां फर्श गर्म था। इसी वजह से धीरे-धीरे बदबू फैलने लगी, जिससे पीछे बैठे यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

यह घटना हॉन्गकॉन्ग से लंदन जा रही फ्लाइट में हुई। महिला की उम्र करीब 60 साल थी। पायलट ने फ्लाइट को बीच में रोकने या वापस लौटने के बजाय लंदन तक जारी रखने का फैसला किया, क्योंकि नियमों के मुताबिक ऐसी स्थिति को आमतौर पर इमरजेंसी नहीं माना जाता।

**प्लेन में किसी की मौत हो जाए तो क्या किया जाता है?**

हवाई यात्रा के दौरान अगर किसी यात्री की मौत हो जाती है, तो एयरलाइंस एक तय नियम के मुताबिक काम करती हैं। ये नियम इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की गाइडलाइन्स पर आधारित होते हैं।

सबसे पहले फ्लाइट का स्टाफ उस यात्री को बचाने की कोशिश करता है। सीपीआर दिया जाता है और अगर प्लेन में कोई डॉक्टर हो तो उसकी मदद ली जाती है। इसके बाद पायलट को जानकारी दी जाती है। फिर पायलट फैसला करता है कि फ्लाइट को बीच में उतारना है या आगे बढ़ाना है। आमतौर पर फ्लाइट को अपने मंजिल तक ले जाया जाता है, क्योंकि हर मामले को इमरजेंसी नहीं माना जाता।

### शव कंबल में लपेट कर गैली में रखा गया



क्रू मेंबर्स ने पहले शव को टॉयलेट में रखने का सोचा, लेकिन बाद में उसे कंबल में लपेटकर गैली में रख दिया गया। गैली विमान का वह हिस्सा होता है, जहां फ्लाइट स्टाफ (क्रू) खाना-पीना तैयार करता है और सामान रखता है। यहीं से यात्रियों को खाना, पानी, चाय-कॉफी दी जाती है। आमतौर पर यह प्लेन के आगे या पीछे वाले हिस्से में होता है। लंदन पहुंचने पर पुलिस ने विमान में आकर जांच की और करीब 45 मिनट तक यात्रियों को सीट पर ही बैठाए रखा गया। एयरलाइन ब्रिटिश एयरवेज ने कहा कि सभी नियमों का सही तरीके से पालन किया गया और वे महिला के परिवार के साथ हैं।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 23 मार्च 2026

# बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

# जिले में आक्रामक रणनीति के साथ आगे बढ़ रही कांग्रेस

## कार्यकर्ताओं को सम्मान और संगठन को ताकत, बदले हुए तेवर में काम कर रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष

मतभेद खत्म, तालमेल मजबूत, अब दिख रहा कांग्रेस का आक्रामक बदलाव

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले की राजनीति में इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा कांग्रेस के तेजी से मजबूत होते संगठन और उसके आक्रामक तेवरों को लेकर हो रही है। जब से निलय विनोद डागा ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली है, तब से पूरे जिले में संगठन को धार देने और उसे जमीन पर मजबूती से खड़ा करने का अभियान तेज हो गया है। खास बात यह है कि इस बार फोकस केवल पद बांटने तक सीमित नहीं है, बल्कि निष्ठावान और जमीनी कार्यकर्ताओं को आगे लाकर संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ आपसी मतभेदों पर सीधा प्रहार किया जा रहा है।

### पहले संगठन को मजबूत करने पर फोकस

जिला कांग्रेस की वर्तमान कार्यशैली में साफ नजर आता है कि संगठन को मजबूती देने के लिए अब समझौते की जगह आक्रामक रणनीति अपनाई जा रही है। ब्लॉक स्तर से लेकर मंडलम और ग्रामीण क्षेत्रों तक तेजी से नए और सक्रिय चेहरों को आगे लाया जा रहा है। ऐसे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है जो वर्षों से पार्टी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यही वजह है कि अब संगठन केवल कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर मजबूती के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है।



### आपसी मतभेद खत्म करने की सख्त पहल बनी ताकत

कांग्रेस की सबसे बड़ी कमजोरी मानी जाने वाली गुटबाजी पर अब सीधा और सख्त वार किया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि अब संगठन में मतभेद और खींचतान के लिए कोई जगह नहीं है। कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल को मजबूती से लागू किया जा रहा है, जिसके चलते अब संगठन में एकजुटता साफ नजर आने लगी है और कार्यकर्ता एक मंच पर मजबूती के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं।

### राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन, निर्णायक फैसलों की श्रृंखला

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने अपनी राजनीतिक कुशलता का परिचय देते हुए संगठन में कई अहम और संतुलित निर्णय लिए हैं। चाहे निष्ठावान कार्यकर्ताओं को आगे लाना हो, गुटबाजी पर नियंत्रण करना हो या नई टीम का गठन हर कदम एक सोच-समझी रणनीति के तहत उठाया गया है। उनके इन निर्णयों से साफ संकेत मिलता है कि संगठन को मजबूत करने के लिए नेतृत्व अब पूरी तरह सक्रिय, सजग और निर्णायक भूमिका में है।

### मजबूत संगठन से मजबूत चुनावी लड़ाई का इशारा

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस अब बिना तैयारी के नहीं, पूरी रणनीति और ताकत के साथ आगे बढ़ रही है। पहले संगठन को मजबूत किया जा रहा है और उसी आधार पर आने वाले चुनाव में दमदार दावेदारी की तैयारी की जा रही है। जिम्मेदारियों का जो संतुलन बनाया गया है, वह साफ संकेत देता है कि पार्टी अब धीमी नहीं, तेज और योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर देखा जाए तो बैतूल में कांग्रेस अब नए तेवर, आक्रामक रणनीति और मजबूत संगठन के साथ तेजी से आगे बढ़ती नजर आ रही है, और आने वाले समय में इसका सीधा असर पूरे जिले के राजनीतिक माहौल पर साफ दिखाई देने वाला है।

### अनुभव और युवा ऊर्जा का संतुलन

संगठन में किए जा रहे बदलावों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें केवल नए चेहरों को ही नहीं, अनुभवी नेताओं को भी बराबर महत्व दिया जा रहा है। पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर यह संदेश दिया गया है कि पार्टी अपने संघर्षशील साथियों के साथ मजबूती से खड़ी है। साथ ही युवाओं को आक्रामक भूमिका में लाकर संगठन में नई ऊर्जा और जोश भरने का काम किया जा रहा है।

### नई टीम के गठन से बदला राजनीतिक माहौल

हाल ही में भैंसदेही और घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक अध्यक्षों की नई टीम का गठन भी इसी आक्रामक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इसे जिला कांग्रेस अध्यक्ष की दूरदर्शी और निर्णायक सोच के रूप में देखा जा रहा है। संगठन को जमीनी स्तर से मजबूत करने के लिए अनुभवी और युवा दोनों वर्गों को साथ लेकर चलने की नीति अपनाई गई है। नई टीम अब मैदान में उतरकर जनता के मुद्दों को और ज्यादा मजबूती और आक्रामकता के साथ उठाने की तैयारी में है।

# कंचना बारस्कर बनीं युवा प्रभाग की चिचोली ब्लॉक अध्यक्ष

## परिषद पदाधिकारियों ने जताया विश्वास



बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के युवा प्रभाग में संगठन विस्तार करते हुए श्रीमती कंचना बारस्कर को चिचोली ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषि सिरसाम एवं युवा प्रभाग की सहमति से की गई है।

परिषद पदाधिकारियों ने नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कंचना बारस्कर परिषद के प्रति निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी और आदिवासी समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगी। साथ ही परिषद के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगी। इस अवसर पर युवा प्रभाग प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सरयाम, प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषि सिरसाम, जिला अध्यक्ष आजाद सिंह इरपाचे सहित अन्य पदाधिकारियों की अनुशंसा का उल्लेख किया गया। पूर्व विधायक स्व. गजन सिंह कुमरे के सुपौत्र सुलभ कुमरे, श्रवण नर्रे, रोहित इवने तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चुन्नीलाल यादव के मार्गदर्शन में यह नियुक्ति की गई। नियुक्ति पर वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कंचना बारस्कर को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं और परिषद को सशक्त बनाने की अपेक्षा जताई गई।

# भैंसदेही–घोड़ाडोंगरी विधानसभा में संगठनात्मक सर्जरी कर कांग्रेस ने बनाए 10 ब्लॉक अध्यक्ष

## नई टीम के गठन से कांग्रेस ने साफ किया– अब सीधी लड़ाई संगठन के दम पर होगी

कठिन परिस्थितियों में काम करने वालों को मिली जिम्मेदारी, नई टीम से संगठन में बढ़ा उत्साह

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले की भैंसदेही और घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा की अनुशंसा पर ब्लॉक अध्यक्षों की नई टीम का गठन किया गया है, जिसमें अनुभवी नेताओं के साथ युवा और सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी देकर साफ संकेत दिया गया है कि आने वाले समय में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

### संगठन में अनुभव और नई ऊर्जा का संतुलन

नई टीम के गठन में सबसे खास बात यह रही कि 10 में से 3 ब्लॉक अध्यक्षों को उनकी उत्कृष्ट कार्यक्षमता के आधार पर पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई है। नीरज राठौर, रानू ठाकुर और राजकुमार मस्कोले को एक बार फिर से ब्लॉक अध्यक्ष बनाकर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि संगठन मेहनत और परिणाम देने वाले कार्यकर्ताओं को ही प्राथमिकता दे रहा है। लगातार सक्रिय रहने वाले इन नेताओं पर भरोसा जताकर जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्यकर्ताओं के बीच एक सकारात्मक संदेश दिया है।



### विपरीत परिस्थितियों में काम करने वालों को मिला सम्मान

घोड़ाडोंगरी ब्लॉक से हरप्रीत सोनू खनुजा को ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी संगठन क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया और नगर परिषद से लेकर जनपद स्तर तक कांग्रेस का परचम लहराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी प्रकार चिचोली ब्लॉक से सुभाष यादव को जिम्मेदारी देकर संगठन ने उन नेताओं को आगे बढ़ाया है, जिन्होंने मिलनसार व्यवहार और मजबूत संगठन कौशल के दम पर कठिन परिस्थितियों में भी जनपद पर कांग्रेस की पकड़ बनाए रखी।

### जुझारू और जमीन से जुड़े चेहरों को प्राथमिकता

चोपना उपब्लॉक से नितईकर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लगातार जन समस्याओं को उठाने और जुझारूपन के चलते वे संगठन की मजबूत आवाज बनकर उभरे हैं। शाहपुर ब्लॉक से पहलवान सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है, जो पूर्व में महामंत्री रह चुके हैं और हर परिस्थिति में कांग्रेस के लिए संघर्ष करते रहे हैं। संगठन ने उन्हें सच्चे जांबाज सिपाही के रूप में जिम्मेदारी देकर यह साबित किया है कि जमीनी कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

### युवा चेहरों और किसानों को मिला मौका

नई टीम में रूपलाल यादव, सियाराम यादव और गोपाल आजाद जैसे नए युवा चेहरों को भी मौका दिया गया है। खास बात यह है कि इन नेताओं का संबंध सीधे किसान वर्ग से है और उन्हें जिम्मेदारी देकर संगठन ने यह संदेश दिया है कि अब गांव और खेत से जुड़े मुद्दों को ज्यादा मजबूती से उठाया जाएगा। युवा ऊर्जा और किसानों की भागीदारी से संगठन में नई ताकत देखने को मिल रही है।

# बैतूल में कर्ज, तमिलनाडु में केस ; कानून का डर बनाकर वसूली

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिला न्यायालय बैतूल के अधिवक्ता भारत सेन ने डिजिटल लोन कंपनियों द्वारा अपनाई जा रही दबाव की रणनीति को उजागर करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश के बैतूल जैसे क्षेत्रों में मोबाइल के जरिए आसानी से मिलने वाला लोन अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। आर्थिक तंगी के कारण किश्त नहीं चुका पाने पर कंपनियां भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) और 318(4) लगाकर आपराधिक मुकदमे दर्ज करा रही हैं, जबकि वास्तविकता में लोन डिफॉल्ट सिविल मामला होता है और इसमें शुरुआत से धोखाधड़ी की मंशा साबित होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि कंपनियां जानबूझकर तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे दूर राज्यों में केस दर्ज कराकर फोरम शॉपिंग कर रही हैं ताकि ऋणियों पर दबाव बनाया जा सके। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 197 के अनुसार मामला उसी क्षेत्र में चलना चाहिए जहां घटना हुई हो। यदि आवेदन बैतूल से किया गया और पैसा यहीं के खाते में आया, तो क्षेत्राधिकार भी बैतूल का ही बनता है। भारत सेन ने सुप्रीम कोर्ट के सतीशचंद्र रतनलाल शाह बनाम गुजरात राज्य, जी. सागर सूरी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि सिविल विवादों को आपराधिक रूप देना गलत है और 7 साल तक की सजा वाले मामलों में सीधे गिरफ्तारी नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया कि प्रभावित व्यक्ति क्षेत्राधिकार को चुनौती दे सकता है, अग्रिम जमानत ले सकता है, उच्च न्यायालय में याचिका लगाकर एफआईआर रद्द करा सकता है या ट्रायल से पहले डिस्चार्ज आवेदन दे सकता है।

### डरने के बजाय कानूनी अधिकारों के प्रति रहें जागरूक

आरबीआई के नियमों के अनुसार फर्जी कानूनी नोटिस भेजना और डराकर वसूली करना गलत है। पीड़ित व्यक्ति बैंकिंग लोकपाल के पास मुफ्त में शिकायत कर सकता है। अधिवक्ता भारत सेन ने कहा कि बाहरी राज्य की पुलिस बिना स्थानीय अनुमति और ट्रांजिट रिमांड के कार्रवाई नहीं कर सकती। उन्होंने लोगों से अपील की कि लोन न चुका पाना अपराध नहीं बल्कि आर्थिक समस्या है, इसलिए डरने के बजाय कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और जरूरत पड़ने पर मानहानि व प्रताड़ना का मामला भी दर्ज करें।

# प्रकृति का अनमोल उपहार है जल : मधु चौहान

आठनेर | संवाददाता
rashtrabaan.in

विश्व जल दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर के निर्देशन में चलने वाली सीएमसीएलडीपी क्लास में जल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जन मानस को जल संरक्षण के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना रहा। कार्यक्रम के शुभारंभ पर जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नगर मंडल अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता गोवर्धन राने ने कहा की वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है।यदि समय रहते जल का संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाले समय में इसके दुष्परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर की विकासखंड समन्वयक मधु चौहान ने कहा कि जल सभी जीवित प्राणियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रकृति का अनमोल उपहार है।हमें पीने,खाना पकाने,नहाने और खेती के लिए जल की अत्यंत आवश्यकता होती है। पेड़-पौधों और जानवरों को भी बढ़ने और जीवित रहने के लिए जल की आवश्यकता होती है। जल के बिना जीवन संभव नहीं है। जल को बचाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। उपस्थित नवांकुर संस्था पदाधिकारियों, परामर्शदाताओं एवं छात्र-छात्राओं ने जल सहेजने,जल का विवेकपूर्ण उपयोग एवं वर्षा जल संचयन को अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# संघ शताब्दी वर्ष में बैतूल में होगा भव्य महानाट्य आयोजन

**बैतूल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा संघ के आद्य सरसंघचालक युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार के जीवन पर आधारित भव्य नाट्य अविष्कार महानाट्य का आयोजन 25 मार्च को जयवंती हाक्सर महाविद्यालय बैतूल के अटल सभागार में शाम 7 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके, बैतूल विधायक एवं भाजपा मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, नगर पालिका परिषद बैतूल की अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, जिला संघचालक बुधपाल काकोडिया, पद्मश्री मोहन नागर, जन अभियान परिषद की प्रदेश उपाध्यक्ष, तथा जेएच कॉलेज बैतूल की प्राचार्य मीनाक्षी चौबे की उपस्थिति रहेगी।

# क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज महिला संगठन ने गुड़ी पूजा के साथ किया सुंदरकांड पाठ



**बैतूल।** गुड़ी पाडवा के पावन अवसर पर क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज महिला संगठन द्वारा गुड़ी स्थापना, पूजन तथा सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला संगठन की सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ आयोजन को सफल बनाया।

कार्यक्रम में संरक्षक मंडल की प्रमुख सदस्य अलका ताई लिखितकर, मधुबालाताई देशमुख और जयाताई मानकर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वहीं संगठन की पूर्व अध्यक्ष रेखा ताई बारस्कर भी गुड़ी पूजा में शामिल हुईं। महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती सिद्धलता ताई महाले के नेतृत्व में पूरा आयोजन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। संगठन की कोषाध्यक्ष वंदना ताई पन्डागरे, सचिव ज्योति बारस्कर, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता देशमुख, उपाध्यक्ष संगीता ताई चढोकार तथा सह सचिव अलका ताई वागद्रे ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके साथ ही अरुणा ताई पाटणकर, छाया ताई चढोकार, गीता ताई धोटे, लता साबले, लता कनाठे, वनिता बोहरपी, लता चढ़ोकर,शालिनी,सुमनधोटे शेवंती ताई माकोडे, राजेश्वरी खंडागरे,मीनाक्षी,सुमित्रा माकोड़े नीता महाले सोनू धोटे सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। सुंदरकांड ग्रुप द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव से सुंदरकांड पाठ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। गुड़ी पूजा भी विधि-विधान से संपन्न हुई। अंत में सभी उपस्थित महिलाओं के सहयोग और सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती सिद्धलता ताई महाले ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुड़ी पाडवा हिंदू नव वर्ष की शुरुआत का पावन पर्व है और ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और संस्कारों को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से इस तरह के कार्यक्रम और भी सफल बनते हैं तथा आगे भी समाज की महिलाएं इसी तरह धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी।

### आनंद उत्सव-2026 फोटो प्रतियोगिता में बैतूल के सक्रिय आनंदक शैलेन्द्र बिहारीया को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

**बैतूल।** मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान के आनंद विभाग द्वारा आयोजित आनंद उत्सव-2026 के तहत फोटो प्रतियोगिता में बैतूल जिले के समाजसेवी शिक्षक और आनंद क्लब सिमोरी के अध्यक्ष शैलेन्द्र बिहारीया को राज्य स्तरीय द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें 15 हजार रुपए की राशि और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस के अवसर पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित आनंद के आयाम राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदान किया। आनंद उत्सव का आयोजन कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी और जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन के मार्गदर्शन में 14 से 28 जनवरी तक ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में किया गया था। उत्सव में कबड्डी, खो-खो, बोरा दौड़, पिट्ठू, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, गुंडी दौड़, नींबू दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों के साथ लोकसंगीत, लोकनृत्य, भजन, कीर्तन, नाटक और नौटंकी जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। सभी आयु वर्ग, महिला-पुरुष और दिव्यांगजनों की सहभागिता सुनिश्चित की गई, जिसमें 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की भी भागीदारी रही। कार्यक्रमों के बाद आयोजित फोटो प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के लिए प्रथम पुरस्कार 25 हजार, द्वितीय 15 हजार और तृतीय 10 हजार रुपए निर्धारित था।

श्री हनुमत कथा महोत्सव चतुर्थ दिवस

# आज सारा विश्व शांति स्वरूपा सीता को खोजने में लगा हैः पं निर्मल कुमार शुक्ल

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

भगवान शंकराचार्य ने अपने विवेक चूड़ामणि ग्रंथ में लिखा है कि शांति सीता समानीता आत्मा रामो विराजते। तात्पर्य यह कि हमारे जीवन में भगवान श्री राम आत्मा और सीता जी शांति के रूप में विराजमान हैं। आज सारा संसार उन्ही शांति रूपा सीता को खोजने में व्यस्त है। एक विद्वान उन्हें विद्या के रूप में तो एक भक्त उन्हें भक्ति के रूप में एक साधक उन्हें सिद्धि के रूप में तो एक व्यापारी लक्ष्मी के रूप में पाना चाहता है।सीता माता मुक्ति और कीर्ति के रूप में सबको चाहिए। दुर्गा सप्तशती में जगदंबा के इन सब स्वरूपों की विस्तार से



चर्चा की गई है। हमारे जीवन की समस्या यह है कि हम लोभ के वशीभूत होकर उन्हें अपने से दूर कर चुके हैं । रामायण में बड़ी आध्यात्मिक व्याख्या है एक दिन भगवान श्रीराम की कुटी के समीप एक स्वर्ण का मृग आया और सीता जी की दृष्टि उस पर पड़ गई शास्त्रों में सोने को लोभ का स्वरूप कहा गया है।बस सीता जी आकर्षित हो गईं वैसे भी व्यवहार में स्त्री का आकर्षण स्वर्ण के प्रति होता ही है ।बस सीता जी ने श्री राम को उस स्वर्ण मृग के पीछे भेज दिया। यद्यपि श्री राम सब जानते थे किन्तु लीला विस्तार के लिए लक्ष्मण को सीता की सुरक्षा में रखकर वो चले गये।जब राम ने मृग पर वाण चलाया तो मृत्यु के पहले उसने राम के स्वर में हा लक्ष्मण की आवाज लगाते हुए प्राण त्याग दिया।उधर जब सीता ने राम के स्वर में यह करुण पुकार सुना तो लक्ष्मण को जबरन भेज दिया आध्यात्मिक दृष्टि से श्री और लक्ष्मण ज्ञान तथा वैराग्य हैं सीता ने पहले लोभ के पीछे ज्ञान भेज दिया पीछे से वैराग्य को भी दूर कर दिया।जब हमारे जीवन से ज्ञान वैराग्य दूर चले जाते हैं तो परिणाम स्वरूप मोह रूपी रावण का आगमन होता है। रावण ही मोह है। मोह दशमौलि तद्भ्रात अहंकार पाकारि जित काम विश्राम हारी।इस प्रकार रावण मोह कुंभकर्ण अहंकार और मेघनाद काम का स्वरूप है। रावण ने सीता को मोह नगर लंका की अशोक वाटिका में कैद कर दिया।इधर भगवान श्री राम ने हनुमान जी को वानरों के साथ सीता को खोजने के लिए भेजा।ए सारे वानर खोजते खोजते सौ योजन के समुद्र के किनारे पहुंच गए।हमारा देहाभिमान ही सागर है संपाती ने बताया कि सौ योजन समुद्र के पार अशोक वाटिका में सीता बैठी हैं जो इस महासागर को पार करेगा उसे ही उनका दर्शन प्राप्त होगा।सारे वानरों ने अपने अपने बल का वर्णन किया किंतु सौ योजन सागर पार करने में कोई समर्थ नहीं हो सका।अंत में जांबवान ने हनुमान जी को जगाया। समुद्र के किनारे इन वानरों के रूप में भूत भविष्य और वर्तमान तीनों काल एकत्र हैं। जांबवान पूर्व में बहुत शक्तिशाली थे किन्तु ए वृद्ध हो चुके हैं इनका यौवन समाप्त हो चुका है याने ए भूत काल हैं। युवराज अंगद भी लंका जाएंगे लेकिन बाद में इस समय ए तैयार नहीं हैं याने ए भविष्य काल हैं वर्तमान के स्वरूप में हनुमान जी विराजमान हैं।अंत में भूतकाल जांबवान ने वर्तमान काल हनुमान जी को जगाना प्रारंभ कर दिया।कहां रीक्षपति सुनु हनुमाना।का चुप साधि रहा बलवाना।पवन तनय बल पवन समाना।बुधि विवेक विज्ञान निधाना आदि आदि। अंत में हनुमान जी जागृत हुए उनकी घन गर्जना से दशों दिशाएं कंपित हो गईं पर्वताकार शरीर धारण करके हनुमान जी लंका जाने को प्रस्तुत हो गये।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 23 मार्च 2026

शहडोल राष्ट्रबाण

● ब्यौहारी ● जयसिंघनगर ● सोहागपुर ● गोहपारु ● बुढार ● जैतपुर

# अवैध कोयला उत्खनन का खेल, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

## हड़रहा घाट और चुनहा गढ़ी में सक्रिय तीन तिकड़ी, रात के अंधेरे में संचालित हो रहा कारोबार

शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

बुढ़ार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हड़रहा घाट और चुनहा गढ़ी इलाके में अवैध कोयला उत्खनन का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। सूत्रों की माने तो इस अवैध गतिविधि में तीन लोगों की तिकड़ी सक्रिय बताई जा रही है, जो सुनियोजित तरीके से कोयले का उत्खनन कर उसे आसपास के बाजारों में खपा रही है।



### ● रात के अंधेरे में होता कारोबार

ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा कारोबार मुख्यत: रात के समय संचालित किया जाता है। अंधेरे का फायदा उठाकर मजदूरों से कोयला निकलवाया जाता है और फिर ट्रैक्टर व छोटे वाहनों के माध्यम से इसे अन्य स्थानों तक पहुंचा दिया जाता है। इतनी बड़े स्तर पर चल रही इस गतिविधि के बावजूद स्थानीय पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### ● पर्यावरण को नुकसान, लोगों में आक्रोश

जानकारों की माने तो इस अवैध उत्खनन से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। लगातार खुदाई के कारण जमीन धंसने की घटनाएं सामने आ रही हैं, वहीं आसपास के जल स्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### ● तीन तिकड़ी की भूमिका पर चर्चा तेज

सूत्रों की माने तो इस पूरे नेटवर्क का संचालन कथित तौर पर राजीव, रवि और भूरा नामक व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है। बताया गया है कि इनकी पकड़ इतनी मजबूत है कि प्रशासनिक दबाव से बचने के लिए ये लगातार अपने तरीके बदलते रहते हैं। साथ ही कुछ स्थानीय कर्मचारियों की संभावित मिलीभगत की चर्चाएं भी क्षेत्र में जोर पकड़ रही हैं।

### ● जांच का आश्वासन

इस संबंध में जब संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में अवैध उत्खनन की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ● कार्रवाई की मांग तेज

गौरतलब हो कि तज मुद्दा पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग प्रशासन से त्वरित व ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि इस अवैध गतिविधि पर जल्द रोक लगाई जा सके।

# पीएनजी गैस कनेक्शन के कई फायदे, कलेक्टर ने अपनाने की अपील

## कलेक्टर बंगले पर शुरू हुई सेवा, सिलेंडर की झंझट से मिलेगी राहत



शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) सेवा का विस्तार तेजी से हो रहा है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिलेवासियों से घरेलू एवं व्यावसायिक उपयोग के लिए पीएनजी गैस अपनाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में लगभग 5600 पीएनजी कनेक्शन स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें से 1000 से अधिक उपभोक्ता नियमित रूप से इसका उपयोग कर रहे हैं।

### 24 घंटे गैस आपूर्ति, सिलेंडर की चिंता खत्म

कलेक्टर ने बताया कि पीएनजी गैस पूरी तरह सुरक्षित, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल है। इसमें 24 घंटे गैस की निर्बाध आपूर्ति मिलती है, जिससे सिलेंडर बुकिंग या खत्म होने की चिंता समाप्त हो जाती है। साथ ही यह एलपीजी की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत तक सस्ती भी है और उपभोक्ताओं को मासिक बिल की सुविधा मिलती है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में ही गैस का उत्पादन होने से इसकी उपलब्धता बनी रहती है। रिलायंस गैस इंडस्ट्री से गैस लेकर विभिन्न कंपनियों द्वारा पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे सेवा का दायरा लगातार बढ़ रहा है।

### कई स्थानों पर बनाए गए सर्विस स्टेशन

पीएनजी गैस की सुविधा के लिए जिले में कुल 9 सर्विस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। इनमें शहडोल शहर में 3, ब्यौहारी में 2 तथा बुढ़ार, दियापीपर, बटुरा और जयसिंहनगर में एक-एक स्टेशन शामिल हैं।

### होटलों और प्रतिष्ठनों में बढ़ रहा उपयोग

जिले में 15 से अधिक होटल और रेस्टोरेंट पीएनजी गैस का उपयोग कर रहे हैं। होटल सूर्या इंटरनेशनल में इसका शत-प्रतिशत उपयोग किया जा रहा है। होटल प्रबंधन ने बताया कि पाइपलाइन के माध्यम से अच्छे प्रेशर के साथ गैस की उपलब्धता हो रही है, जिससे कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है।

### कलेक्टर ने खुद लिया कनेक्शन

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अपने शासकीय आवास पर भी पीएनजी गैस कनेक्शन लिया है। उन्होंने बताया कि गैस पर्याप्त दबाव के साथ मिल रही है और इसका उपयोग बेहद सुविधाजनक है।

### कनेक्शन लेने की अपील

कलेक्टर ने शहरवासियों से अपील की है कि जिन घरों और प्रतिष्ठानों तक पीएनजी पाइपलाइन पहुंच चुकी है, वे शीघ्र कनेक्शन प्राप्त करें। इच्छुक उपभोक्ता नए कनेक्शन के लिए भी आवेदन कर सकते हैं, जिससे उन्हें सुरक्षित और किफायती ऊर्जा का लाभ मिल सके।

# चैत्र नवरात्रि में मंदिर में तोड़फोड़, धार्मिक आस्था को पहुंची ठेस

## राम जानकी मंदिर में प्रतिमा खंडित, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज



शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले के अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बटुरा स्थित राम जानकी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के दौरान तोड़फोड़ की घटना सामने आने से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार, गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने मंदिर में घुसकर भगवान राम की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। बताया गया है कि आरोपी दीपनारायण वासुदेव उर्फ नानलल्ली ने अचानक मंदिर में पहुंचकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान उसने मंदिर परिसर में रखी रामजी की प्रतिमा को खंडित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर के बाहर एकत्र हो गए।

### ग्रामीणों में आक्रोश, किया विरोध

घटना के बाद स्थानीय लोगों और धर्म प्रेमियों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने इस कृत्य को धार्मिक आस्था पर हमला बताते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने मौके पर विरोध जताया और प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की अपील की।

### सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस

मामले की सूचना मिलते ही अमलाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश देते हुए शांति बनाए रखने की अपील की। स्थानीय लोगों की शिकायत पर अमलाई पुलिस ने आरोपी दीपनारायण वासुदेव के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध : कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री

## निजी अस्पताल का शुभारंभ, मरीजों को बेहतर इलाज देने पर दिया जोर

शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने संभागीय मुख्यालय शहडोल में एक निजी अस्पताल का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण उपचार की उपलब्धता पर जोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आधुनिक संसाधनों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे लोगों को समय पर उपचार मिल सके।




### आयुष्मान योजना से मिल रहा लाभ

मंत्री ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। गंभीर मरीजों के लिए कलेक्टर और चिकित्सकों की अनुशंसा पर पीएम एयर एंबुलेंस की सुविधा भी दी जा रही है, जिससे समय पर इलाज संभव हो पा रहा है।

### चिकित्सकों की भूमिका पर दिया जोर

मंत्री जायसवाल ने कहा कि अस्पतालों में मरीज दर्द और उम्मीद के साथ आते हैं, ऐसे में उनका समुचित उपचार कर मुस्कान के साथ घर भेजना ही चिकित्सकों की असली पहचान है। उन्होंने चिकित्सकों को धरती का भगवान बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल और उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने भी संबोधित किया और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की सराहना की।

# अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, जल संरक्षण का दिया संदेश

## जल कलश यात्रा निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक, किसानों को दी नई तकनीकों की जानकारी




शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

अंतर्राष्टीय जल दिवस के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जनपद पंचायत बुढार के ग्राम बटलीटोला एवं जरवाही में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

### जल कलश यात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम की शुरुआत जल कलश यात्रा से हुई, जिसमें महिलाओं ने सीएसआर के सहयोग से निर्मित पेयजल टंकी से जल भरकर पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली। यह यात्रा जल संरक्षण के महत्व को दर्शाने के साथ ही सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देने में सफल रही।

### जल संरक्षण के प्रयासों पर दिया जोर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार डोलिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से पिछले वर्षों में जल संरक्षण को लेकर सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने लोगों से जल का सोच-समझकर उपयोग करने की अपील की। अजय श्रीवास्तव ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित 'नल-जल योजना' की जानकारी देते हुए बताया कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने में जनभागीदारी महत्वपूर्ण है। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. बी.के. प्रजापति ने किसानों को कम पानी में होने वाली फसलों की जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शिशुपाल सिंह राजपूत ने कृषि एवं आत्मा विभाग की योजनाओं से किसानों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले तीन कृषक मित्रों को सम्मानित किया गया, जिससे अन्य किसानों को भी प्रेरणा मिली।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री, वैज्ञानिक, कृषि अधिकारी एवं ग्राम सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

## जिलाध्यक्ष ने बूथ स्तर तक संगठन सशक्त करने पर दिया जोर

# कांग्रेस का संगठनात्मक सम्मेलन संपन्न, कार्यकर्ताओं को दी मजबूती की सीख

शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में करकी, अमझोर (आमडीह) एवं पपौध ब्लॉकों में संगठनात्मक बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने की। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जहां संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर जोर**

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए जिला, ब्लॉक, पंचायत और बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। साथ ही आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार रहने की बात कही।उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। संगठन की एकजुटता और समर्पण से ही कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।



### पदाधिकारियों ने रखे अपने विचार

इस दौरान संगठन महासचिव विनोद ताम्रकार और जिला मुख्य प्रवक्ता ने भी संगठन विस्तार और मजबूती को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### कार्यकर्ता रहे मौजूद

सम्मेलन में पूर्व विधायक रामपाल सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामलखन सिंह, ब्लॉक अध्यक्षों सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया।

# देवरी नंबर-2 में संकीर्तन, आरती व दीपमाला के साथ गूंजा जल संरक्षण का संदेश

शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जल शक्ति से ही नव भक्ति कार्यक्रम के तहत विकासखंड गोहपारू के सेक्टर क्रमांक-2 अंतर्गत ग्राम देवरी नंबर-2 में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नवांकुर संस्था वीर सावरकर सेवा समिति के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में संकीर्तन, आरती, दीपमाला एवं देवी गीतों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों ने जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता बनाए रखने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनसमूह की



सक्रिय भागीदारी रही, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और जागरूकता का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य धार्मिक आस्था के माध्यम से समाज में जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा, जिसे ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वीकार किया।

सिवनी राष्ट्रबाण



# सरपंच पति शिवनंदन की दबंगई

## लाठी से हमला, युवक का हाथ फैक्चर, बहन के कान में चोट

सिवनी जिले के ग्राम राधादेही में नाली निर्माण को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि सरपंच पति और उसके परिजनों ने युवक और उसकी बहन पर लाठियों से हमला कर दिया। घटना में युवक का हाथ फैक्चर हो गया, जबकि उसकी बहन के कान में गंभीर चोट आई है। डुंडा सिवनी पुलिस पर मामले को दबाने के आरोप लगे हैं, जिसके बाद पीड़ित को न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक की शरण लेनी पड़ी।



**शिवनंदन चंद्रवंशी, सरपंच पति :** सत्ता की सनक, पुलिस को बना रहा कठपुतली।



**अभिषेक बघेल, पीड़ित :** डुंडा सिवनी पुलिस नहीं दिया न्याय !



**रूपक बघेल, अध्यक्ष बघेल युवा क्रांति सेना :** कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन।

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**सिवनी** जिले के डुंडा सिवनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राधादेही में एक मामूली नाली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित अभिषेक बघेल ने आरोप लगाया है कि गांव के सरपंच पति शिवनंदन चंद्रवंशी और उसके परिजनों ने मिलकर उस पर और उसकी बहन पर लाठियों से बेरहमी से हमला किया।

घटना 16 मार्च 2026, सोमवार की बताई जा रही है। अभिषेक के अनुसार, उसके घर के बगल में सरपंच के परिचित द्वारा मकान निर्माण किया जा रहा था। इस दौरान नाली निकासी के लिए उसने अपने हिस्से की लगभग एक फीट जमीन पहले से छोड़ी हुई थी। जब उसने निर्माण कर रहे लोगों से उस जगह को खाली छोड़ने की बात कही, तो विवाद शुरू हो गया।

अभिषेक का आरोप है कि इसी बात को लेकर शिवनंदन चंद्रवंशी ने दबंगई दिखाते हुए जमीन छोड़ने से इनकार कर दिया और विवाद बढ़ने पर अपने परिजनों को बुलाकर हमला करवा दिया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों से अभिषेक और उसकी बहन की पिटाई शुरू कर दी गई। इस हमले में अभिषेक बघेल का हाथ फैक्चर हो गया, जबकि उसकी बहन के कान में गंभीर चोट आई। पीड़िता के अनुसार, चोट इतनी गंभीर है कि उसे अब ठीक से सुनाई नहीं दे रहा है।

घटना के बाद पीड़ित परिवार न्याय की उम्मीद लेकर डूंडा सिवनी थाने पहुंचा, लेकिन यहां भी उन्हें निराशा हाथ लगी। अभिषेक का आरोप है कि सरपंच पति के राजनीतिक प्रभाव के चलते पुलिस ने उसकी शिकायत दर्ज करने में टालमटोल की और मामला दबाने की कोशिश की। जब स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हुई, तो अभिषेक बघेल ने हिम्मत जुटाकर सीधे पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल हस्तक्षेप किया और डूंडा सिवनी पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, अब भी गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है और पीड़ित परिवार को सुरक्षा की चिंता सता रही है। पीड़ित का आरोप है की गांव में चंद्रवंशी समाज की संख्या ज्यादा है और यह अपनी संख्याबल का फायदा उठा कर लोगो से दबंगई करते है। मुझे भय है की ये लोग आगे भी विवाद कर कोई बड़ी घटना को अंजाम दे सकते है। यह घटना न केवल सरपंच पति शिवनंदन चंद्रवंशी की दबंगई को उजागर करती है, बल्कि यह भी सवाल खड़े करती है कि क्या आम नागरिक को न्याय पाने के लिए हर बार उच्च अधिकारियों के पास जाना पड़ेगा? स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं, जो समय रहते कार्रवाई करती तो शायद पीड़ित को पुलिस अधीक्षक की शरण में नहीं जाना पड़ता।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अब देखना होगा कि आरोपियों पर क्या कार्रवाई होती है और पीड़ित परिवार को कितनी जल्दी न्याय मिल पाता है।

वही बघेल समाज के बघेल युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष जीतेन्द्र उर्फ़ रूपक बघेल ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है की राधादेही की घटना निंदनीय है। वहां हमारी समाज के भाई के ऊपर हमला हुआ है यह हमला क्षेत्र में बाहुल्य समाज चंद्रवंशी परिवार ने किया है और डुंडा सिवनी पुलिस ने कार्रवाई नहीं। अगर पुलिस समय में कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती तो हमारी समाज आंदोलन करने के लिए मजबूर रहेगी।

# गर्रा सरपंच पर एफआईआर के बाद मामला कायम

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

**कोतवाली** थाना क्षेत्र अंतर्गत गर्रा के चौक में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मूर्ति स्थापना और बाद में विवाद की स्थिति बनने को लेकर अब मामला दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने गर्रा सरपंच वैभव बिसेन और विशाल बिसेन के खिलाफ नामजद और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बता दे की वैभव बिसेन और विशाल बिसेन दोनों सगे भाई है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा द्वारा बताया गया कि गर्रा मामले में जिस तरह से अतिक्रमण कर मूर्ति स्थापना की गई और उसे राजनीतिक रूप देने का प्रयास किया गया।

यही नहीं मूर्ति स्थापना के लिए नवरात्रा के प्रथम दिन को चुना गया ताकि लोगों की भावना भी उसमें जुड़ जाए। पर पुलिस ने इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों के समक्ष वास्तविकता बताई तो वे भी समझ गए। असल में गर्रा चौक की जमीन पीडब्ल्यूडी की जमीन है। जहां पर आगामी समय में फोरलेन की सड़क आना है। अतिक्रमण का विषय माननीय न्यायालय में भी चल रहा था। तहसील व एसडीएम न्यायालय से इस संबंध में आदेश भी हुए थे। बावजूद यहां पर अतिक्रमण कर निर्माण किया गया। जिसमें सामने मंदिर और उसके पीछे कॉम्प्लेक्स बनाया गया। मंदिर की आड़ में कॉम्प्लेक्स को कवर करना था। इसी को लेकर पूरी योजना के तहत यहां पर धार्मिक भावना जोड़ने के लिए मूर्ति स्थापना की पहल की गई ताकि कॉम्प्लेक्स भी बन जाए और उनका यह अतिक्रमण भी रह जाए। लेकिन प्रशासन में शासकीय जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। दो दिनों तक यहां पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। एसपी ने कहा कि इस मामले को दूसरा रूप देने की भी कोशिश की गई। साथ ही प्रशासनिक कार्रवाई में बाधा पहुंचाई गई। पुलिस ने इस मामले में वैभव बिसेन और विशाल बिसेन के खिलाफ नामजद व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की कार्रवाई जारी है। बता दे कि विगत 18 मार्च को नवरात्र के प्रथम दिन गर्रा में मां दुर्गा की प्रतिमा सहित अन्य स्थापना को लेकर विवाद गहरा गया था। जिसके चलते कुछ लोगों की आपत्ति सामने आने के पश्चात भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पूरे दिन भर यहां पर मूर्ति स्थापना व हटाने को लेकर विवाद की स्थिति बनी रही। अंततः प्रशासन ने रात के समय में स्थापित की गई मूर्ति को वहां से हटाकर अन्य मंदिर में स्थापना की पहल करते हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की थी।

# जनसमस्याओं को लेकर 23 मार्च को बरघाट से होगा सड़क आंदोलन का आगाज

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

**चुनाव** के वक्त नेता जनता से बेहतर बिजली पानी सड़क की सुविधा के नाम पर सत्ता में तो आ जाते हैं मगर उसके बाद जनता की समस्याओं से ये विधायक सांसद मंत्री बेखबर हो जाते हैं। तब ऐसे जन प्रतिनिधियों को होश में लाने के लिए और सोई हुई सरकारों को जगाने के लिए जनता के हित में आंदोलन करना समय की मांग बन जाती हैं। इसी का जीता जागता उदाहरण है बालाघाट जिले से सिवनी जिले को जोड़ने वाली करीब 90 किलो मीटर लंबी मुख्य सड़क जो कि बेहद जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं। मगर जनता के हमदर्द होने का दावा करने वाले जनप्रतिनिधि कुंभकर्ण की नींद सो रहे हैं। इस खस्ताहाल सड़क पर सफर करना मतलब जान को जोखिम में डालना है। रोजाना ही इस सड़क पर अनगिनत सड़क हादसे हो रहे हैं जिसमे असमय ही लोग काल के गाल में समा रहे हैं। इस जानलेवा बालाघाट सिवनी सड़क ने न जाने कितने परिवारों के चिराग बुझा दिए हैं। पुरी सड़क ही गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। लोग शासन प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतरने मजबुर हो गए हैं। मगर धन्य है यहां के राजनेता मजाल है कि इनके कानों पर एक भी जूं रेंग जाए। इस सड़क को अतिशीघ्र बनाने की मांग को लेकर युवा विचार मंच के बैनर तले युवा लगातार बैठके व हस्ताक्षर अभियान चलाकर गांव - गांव पहुंचकर जन आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। जिसके पहले चरण की शुरुआत 23 मार्च दिन सोमवार को बरघाट से होगी और इस आन्दोलन में सिवनी, बरघाट के अलावा बालाघाट जिले की जनता को शामिल करने के उद्देश्य से यह युवा टीम अलग - अलग स्थानों पर वार्ता के माध्यम से आन्दोलन में शामिल होने का आव्हान भी कर रही है। जिसके तहत ही 21 मार्च दिन शनिवार को बालाघाट जिला मुख्यालय के गर्रा में स्थित एक हॉटल में वार्ता का आयोजन कर आन्दोलन की जानकारी दी गई हैं। 23 मार्च को होने वाले आन्दोलन को लेकर युवा विचार मंच के अध्यक्ष देव पंवार, सचिव राजेन्द्र ठाकुर, आशीष चंद्र व संतोष राहंगडाले ने बताया कि बालाघाट - सिवनी सड़क की स्थिति ये हो गई हैं कि इस सड़क पर सफर करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन सा हो गया हैं। सड़क पर जहां जगह जगह गड्ढे हो गए हैं, वही साइड सोल्डर न होने से एवं सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे होने से आए दिन यहां सड़क दुर्घटनाएं होना अब आम बात हो गई हैं। यह रास्ता निरंतर 24 घंटे चलते ही रहता हैं, सिवनी, छिंदवाड़ा, जबलपुर, नागपुर, बैतुल, भोपाल, उज्जैन, इंदौर जाने वाले राहगीर इसी रास्ते से होकर अपनी मंजिल तक पहुंचते हैं। यह मार्ग राष्ट्रीय मार्ग होने के बावजूद भी काफी सकरा है ऐसे में एक साथ दोनों तरफ के वाहन निकलने में वाहन तथा वाहन चालकों को अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस सड़क निर्माण के लिए लंबे समय से शासन - प्रशासन के साथ ही विधायक, सांसद को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस सड़क के खस्ताहाल पर ध्यान देने तैयार नहीं हैं। जिसके चलते ही युवा विचार मंच के बैनर तले आन्दोलन करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। इससे भी बात नहीं बनी तो लालबर्रा में जन आंदोलन किया जाएगा। और फिर बालाघाट जिला मुख्यालय में जन आंदोलन कर मुखरता के साथ मांगों को रखा जाएगा।

# डूण्डासिवनी पुलिस ने नाबालिग बालिका सकुशल बरामद

## इंदौर से खोजकर परिजनों को सौंपा, शादी का झांसा देकर भगाने वाला युवक पकड़ाया

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**नाबालिग** बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर सक्रिय डूण्डासिवनी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। साथ ही मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार 27 दिसंबर 2025 को एक अभिभावक ने थाना डूण्डासिवनी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री, जो अपने मामा के घर ग्राम डूंगरिया गई थी, को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी जैनसिंह उइके ने तुरंत टीम गठित कर बालिका की तलाश शुरू की। तकनीकी सहायता के आधार पर बालिका की



लोकेशन इंदौर में मिली। पुलिस टीम तत्काल इंदौर पहुंची और बालिका को सकुशल बरामद कर सिवनी लाकर परिजनों को सौंप दिया। जांच में सामने आया कि छपारा निवासी रोहित सेन (24) ने शादी का झांसा देकर बालिका को अपने साथ भगा लिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी जैनसिंह उइके, उप निरीक्षक बालकृष्ण सिगाम, देवेंद्र जायसवाल (साइबर सेल) सहित आरक्षक अखिलेश माहोरे, अंशुमन राजपूत, नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, सीताराम बावरे और वर्षा वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लखनादौन पुलिस ने 7 पेटी अवैध शराब जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

## धान मिल के पास दबिश, 30 हजार रुपये की देशी मदिरा बरामद

राष्ट्रबाण लखनादौन | संवाददाता rashtrabaan.in

**अवैध** गतिविधियों पर अंकुश लगाने के तहत लखनादौन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने करनपुर रोड स्थित धान मिल के पास कार्रवाई करते हुए अवैध देशी शराब की 7 पेटियां जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई 21 मार्च 2026 को की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ लोग अवैध शराब की खेप के साथ मौजूद हैं।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 7 पेटियों में भरी कुल 350 पाव देशी प्लेन शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 30 हजार रुपये बताई जा रही है।




गिरफ्तार आरोपियों में लच्छू कुशवाहा (36) निवासी मझगवां कला जिला छतरपुर, परमानंद चीचले (32) निवासी आमई जिला सिवनी तथा भैयालाल मरावी (24) निवासी आमाटोला जिला मंडला शामिल हैं।

पुलिस ने तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में निरीक्षक के.पी. धुर्वे, उप निरीक्षक व्ही.एस. रघुवंशी, आरक्षक ओमप्रकाश धुर्वे, अजय बघेल एवं लकेश पटले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पान मसाला में महंगाई की मार!

## पान मसाला महंगाई का नया चेहरा, थोक से चिल्हर तक कीमतें आसमान छू रही हैं

महंगाई की मार आम आदमी पर हर रोज गहरी पड़ रही है, और अब इसका असर पान मसाला पर भी साफ नजर आ रहा है। थोक व्यापारी स्टॉक का फायदा उठाकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि चिल्हर दुकानदार इसे एमआरपी से भी अधिक दाम पर बेच रहे हैं। 5 रुपए वाला पान मसाला अब 7 रुपए में और 20 रुपए वाला 25 रुपए में बिक रहा है। छोटे शहरों और कस्बों में यह बदलाव आम आदमी की जेब पर सीधा असर डाल रहा है।

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**पान** मसाला हमेशा से भारतीय बाजार में एक नियमित खपत वाला उत्पाद रहा है। लेकिन पिछले कुछ महीनों में इसके दामों में अचानक वृद्धि ने थोक से लेकर खुदरा बाजार तक सभी को चौंका दिया है। बताया जा रहा है कि थोक व्यापारी सीमित स्टॉक को लेकर भाव बढ़ा रहे हैं, जिससे उन्हें ज्यादा लाभ हो रहा है।

पान मसाला का स्टॉक सीमित है। कीमतों में यह बढ़ोतरी बाजार की मांग के हिसाब से की जा रही है। थोक व्यापारी इसे ज्यादा कीमत पर बेच रहे हैं और दुकानदार वही दाम ग्राहकों से वसूल रहे हैं।

ग्राहकों की नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। ग्राहक सुनील सनोडिया ने बताया कि हम छोटे-मोटे खर्चों के लिए भी परेशान हैं। अब रोजाना के छोटे खर्चों में भी महंगाई ने भारी बोझ डाल दिया है। 5 रुपए का पान मसाला अब 7 रुपए में मिलना सामान्य हो गया है, और यही स्थिति 20 रुपए वाले पैकेज की है जो 25 रुपए दिया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि हर चीज महंगी हो रही है।

आम जनता का कहना है कि महंगाई का यह असर सिर्फ पान मसाले तक सीमित नहीं है। थोक व्यापारी अपने स्टॉक का लाभ उठाकर दाम बढ़ा रहे हैं, जबकि चिल्हर व्यापारी कम प्रतिस्पर्धा और सीमित विकल्प के कारण ग्राहकों से अधिक वसूली कर रहे हैं।


### ग्राहक और व्यापारी दोनों की चुनौती




ग्राहकों के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है, खासकर उन लोगों के लिए जो नियमित रूप से पान मसाला का सेवन करते हैं। वहीं, छोटे दुकानदार भी दबाव में हैं। थोक मूल्य बढ़ने के साथ ही उनके मुनाफे पर भी असर पड़ा है। छोटे कस्बों और ग्रामीण इलाकों में दामों में बढ़ोतरी ज्यादा महसूस की जा रही है।

### विभागीय अधिकारी को देना चाहिए ध्यान

लोगो का मानना है कि पान मसाले की कीमतों पर सरकारी निगरानी की आवश्यकता है। अगर थोक व्यापारी और चिल्हर दोनों ही अपनी मनमानी कीमतें तय करेंगे, तो आम आदमी पर दबाव और बढ़ेगा। कीमतों की पारदर्शिता जरूरी है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433